संख्या:29/2023/62/35-4-2023/001-35-4099/146/2021

प्रेषक,

डॉ0 संजीव भारद्वाज,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
गोरखपुर।

नियोजन अनुभाग-4 दिनांक: 18 जनवरी, 2023

विषय: वित्तीय वर्ष 2022-23 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकाय योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में जनपद-गोरखपुर में शासनादेश संख्या-230/2021/1985/35-4-2021, दिनांक 18 नवम्बर, 2021 द्वारा सड़क निर्माण से संबंधित 250 कार्यों की रू. 10357.67 लाख की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू0 1000.00 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी। जिलाधिकारी गोरखपुर द्वारा पत्रांक-961/त्व0आ0वि0यो0/2021-22, दिनांक 19 दिसम्बर, 2022 द्वारा उक्त शासनादेश से स्वीकृत कार्यों में से 12 कार्यों की लागत रू. 564.16 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त की गयई धनराशि रू. 54.49 लाख का पूर्ण उपभोग किया जाना इंगित किया गया है। एतदद्वारा उपर्युक्त शासनादेश से स्वीकृत धनराशि को समायोजित करते हुए प्रश्नगत कार्यों की देय अवशेष धनराशि रू. 509.67 लाख (रूपये पांच करोड़ नौ लाख सड़सठ हजार मात्र) निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(रू. लाख में)

	कार्य का नाम	अनुमोदित लागत	पूर्व में अवमुक्त धनराशि	अवमुक्त धनराशि
1	भगवती सिंह के मकान से आलोक श्रीवास्तव होते हुये राम कृष्ण पाण्डेय तक सी0सी0 सड़क निर्माण।	24.99	2.41	22.58
2	जंगल बहादुर अली पार्ट 02 में मुख्य मार्ग से प्रा0 स्कूल तक सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य।	79.20	7.65	71.55
3	खोराबार सूबा बाजार पार्ट 3 में कृष्णा मैरेज हाल के पीछे रोड पर महेनद्र गुप्ता राजेन्द्र मिश्रा कोईल टावर के पीछे की गली में सी0सी0 सड़क का निर्माण।	63.04	6.09	56.95
4	खोराबार सूबा बाजार पार्ट-2 में नहर रोड से रमेश चन्द्र त्रिपाठी एवं देवरिया मुख्य मार्ग तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य।	161.81	15.62	146.19
5	हनुमान मंदिर झुंगिया बद्री के घर तक सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य।	68.16	6.58	61.58
6	संतराज के घर से जालन्धर के घर होते हुये नाजिया के मकान तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	8.14	0.79	7.35
7	काली मंदिर से डीहबाबा स्थान होते हुये गंगू के मकान तक सी 0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	6.06	0.59	5.47
8	संतराज शर्मा के मकान से ट्रांसफॉर्मर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	19.96	1.93	18.03
9	द्विवेदी के घर के पास सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य।	9.50	0.92	8.58
10	महुलाल के घर से द्विवेदी के घर तक सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य।	11.93	1.15	10.78
11	दुर्गा मौर्य के घर से मनमोहन के घर होते हुये पिच रोड तक सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य।	25.43	2.46	22.97
12	न्यू कालोनी सेमरा देवी प्रसाद में आन्तरिक गलियों में सी0सी0 सड़क/नाली का निर्माण कार्य।	85.94	8.30	77.64
	योग	**564.16**	**54.49**	**509.67**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 18 नवम्बर, 2021 की शर्तें यथावत लागू रहेगी।
2- प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी।
3- परियोजना के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।
4- कार्यो को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।
5- स्वीकृत धनराशि का आहरण कर सदुपयोग सुनिश्चित किया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त/अनाहरित बचती है तो उसे 31 मार्च, 2023 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा 31 मार्च, 2023 तक नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।
6- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2023 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।
7- वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए स्वीकृत आय-व्ययक के सापेक्ष उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या: 13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक-07 जून, 2022 में उल्लिखित शर्तो एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 5,09,67000 (रूपये पांच करोड़ नौ लाख सड़सठ हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 040 लेखाशीर्षक 5054043370304 शहरी क्षेत्रों में सड़कों के चालू कार्यों के लिए एकमुश्त व्यवस्था मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक-07 जून, 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(डा0 संजीव भारद्वाज)
संयुक्त सचिव।

संख्या:29/2023/62(1)/35-4-2023/001-35-4099/146/2021 तद्दिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-
1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव,वित्त एवं वित्त आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
4- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण/नगर विकास विभाग।
5- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
6- निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त,गोरखपुर मण्डल।
8- उपाध्यक्ष,गोरखपुर विकास प्राधिकरण,गोरखपुर ।
9- मुख्य विकास अधिकारी गोरखपुर।
10-मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी गोरखपुर।
11-वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
12- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी गोरखपुर।
13- मुख्य/अधिशासी अभियंता, गोरखपुर विकास प्राधिकरण,गोरखपुर ।
14- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(डा0 संजीव भारद्वाज)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।